# उपभोग वाउचर योजना

# पंजीकरण नोट्स

उपभोग वाउचर योजना ("योजना") के तहत, स्थानीय उपभोग को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को किश्तों में कुल $5,000 के इलेक्ट्रॉनिक उपभोग वाउचर वितरित किए जाएंगे।

<u>**पात्रता मानदंड**</u>

पंजीकरणकर्ता को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना चाहिए, यानि पंजीकरणकर्ता–

(a) 18 जून 2021 को या उससे पहले 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो; तथा

(b) 18 जून 2021 को,

  (i) हांगकांग का स्थायी निवासी हो जिसके पास स्थानीय रूप से जारी हांगकांग का वैध स्थायी पहचान पत्र ("HKPIC") या वैध छूट प्रमाणपत्र ("EC") हो जिसे पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप 177A के तहत जारी किया गया हो; या

  (ii) हांगकांग का निवासी हो जिसके पास हांगकांग का वैध पहचान पत्र ("HKIC") हो या EC (ईसी) हो जिसे पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप 177A के तहत जारी किया गया हो जो हांगकांग और मकाऊ में आने के परमिट पर हांगकांग आया है (आमतौर पर "वन वे परमिट" के रूप में जाना जाता है); या

  (iii) हांगकांग का निवासी हो जिसके पास वैध HKIC` (एचकेआईसी) हो या EC (ईसी) हो जिसे पंजीकरण आयुक्त द्वारा व्यक्तियों के पंजीकरण विनियम, कैप 177A के तहत जारी किया गया हो, जिसके पास ऊपर (b)(i) में निर्दिष्ट द्वारा प्रायोजित आश्रित के रूप में हांगकांग में रहने की वैध अनुमति हो; तथा

(c) "हांगकांग में निवास" करने की आवश्यकता का अनुपालन करता हो।

योजना के उद्देश्य के लिए, पंजीकरणकर्ता को हांगकांग के निवासी के रूप में माना जाता है यदि वह 18 जून 2021 से ठीक पहले 24 महीनों के लिए लगातार हांगकांग से बाहर नहीं रहा है, जब तक कि उक्त अवधि के दौरान, वह व्यक्ति:

(a) वहनीय व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना के तहत सहायता, ग्वांगडोंग योजना के तहत भत्ता, या फ़ुज़ियान योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने वाला हो;

(b) हांगकांग के बाहर संबंधित प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त एक स्कूल/ विश्वविद्यालय में पढ़ता हो;

(c) श्रम विभाग द्वारा प्रशासित कार्य अवकाश योजना का एक भागीदार हो;

(d) चिकित्सा कारणों से हांगकांग के बाहर अस्पताल में भर्ती हो;

(e) हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार ("सरकार") के लिए या अस्थायी आधार* पर हांगकांग में स्थित कंपनी/संगठन के लिए हांगकांग के बाहर आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वाह करता हो; या इस तरह के कर्तव्यों का पालन करने वाले के परिवार के किसी सदस्य के साथ हो; और/या

(f) सरकार द्वारा निर्धारित किया गया अन्य असाधारण कारण (कारणों) जिससे इस योजना के उद्देश्य के लिए वैध माना जाता हो।

*योजना के उद्देश्य के लिए, इसका अर्थ है कि व्यक्ति हांगकांग में स्थित किसी कंपनी या संगठन में कार्यरत है और अस्थायी रूप से हांगकांग के बाहर काम करने के लिए तैनात किया गया है और तैनाती के बाद हांगकांग लौटने का इरादा रखता है।

## <u>पंजीकरण, प्राप्ति तथा उपयोग</u>

पात्र व्यक्तियों को वाउचर प्राप्त करने से पहले निम्न में से किसी एक स्टोर्ड वैल्यू फैसिलिटीज ("SVF (एसवीएफ)") के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा: Alipay HK (अलीपे एचके), Octopus (ऑक्टोपस), Tap & Go (टैप एंड गो) और WeChat Pay HK (वीचैट पे एचके)।

### *पंजीकरण*

पंजीकरणकर्ता योजना की वेबसाइट (www.consumptionvoucher.gov.hk) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण या किसी डाकघर या निर्दिष्ट बैंक शाखाओं के ड्रॉप-बॉक्स में कागजी फॉर्म जमा करके पंजीकरण कर सकते हैं।

*प्राप्ति*

ऑक्टोपस का चयन करने वाले सफल पंजीकरणकर्ता निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से उपभोग वाउचर प्राप्त कर सकते हैं:

1. MTR (एमटीआर) स्टेशनों, लाइट रेल ग्राहक सेवा केंद्रों, नामित सार्वजनिक परिवहन इंटरचेंज और नामित फेरी पियर्स पर स्थापित सब्सिडी प्राप्ति केंद्र;
2. 7-Eleven (7-इलेवन), Circle K (सर्कल के) और Wellcome (वेलकम) सुपरमार्केट के सभी आउटलेट;
3. ऑक्टोपस सेवा केंद्र; तथा
4. ऑक्टोपस ऐप।

सफल पंजीकरणकर्ताओं जिन्होंने Alipay HK (अलीपे एचके), Tap & Go (टैप एंड गो) और WeChat Pay HK (वीचैट पे एचके) का चयन किया है, उनके उपभोग वाउचर सीधे उनके पंजीकृत SVF (एसवीएफ) खातों में जमा किए जाएंगे।

*उपयोग*

उपभोग वाउचर का उपयोग स्थानीय खुदरा, खानपान और सेवा आउटलेट या उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किया जा सकता है। निम्नलिखित कारोबार विषय शामिल नहीं हैं:

- सरकार को भुगतान (जैसे कर, जुर्माना, लाइसेंस शुल्क, टनल शुल्क, पार्किंग मीटर)
- सार्वजनिक संसाधनों (अर्थात पानी, बिजली और गैस) के लिए भुगतान
- सार्वजनिक संगठनों को भुगतान (जैसे अस्पताल प्राधिकरण, हांगकांग आवास प्राधिकरण, हांगकांग हाउसिंग सोसाइटी)
- शिक्षा व्यय (अर्थात स्थानीय और गैर-स्थानीय पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों तथा यूजीसी द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को भुगतान)
- वित्तीय उत्पादों या सेवाओं की खरीद (जैसे बीमा)
- दान (धर्मार्थ, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों सहित)

- हांगकांग से बाहर के व्यापारियों से सीधी खरीदारी (स्थानीय रूप से किए गए गैर-स्थानीय ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन खरीदारी सहित)
- आपसी भुगतान
- नकदीकरण

**<u>समय सारणी</u>**

*ऑक्टोपस*

| **4 जुलाई से 17 जुलाई के बीच पूरे किए गए इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण** | **18 जुलाई से 14 अगस्त के बीच पूरे किए गए सारे इलेक्ट्रॉनिक तथा कागजी पंजीकरण** |
|---|---|
| **पहला वाउचर ($2,000)** | |
| 1 अगस्त | 1 सितंबर |
| **दूसरा वाउचर ($2,000)** | |
| 1 अक्टूबर | 1 नवंबर |
| **तीसरा वाउचर ($1,000)** | |
| 16 दिसंबर 2021<br>(यदि 30 नवंबर 2021 तक कुल वैध खर्च $4,000 तक हो गया हो)<br><br>या 16 जनवरी 2022 / 16 फरवरी 2022/ 16 मार्च 2022 (यदि 31 दिसंबर 2021 / 31 जनवरी 2022 / 28 फरवरी 2022 तक कुल वैध खर्च $4,000 तक हो गया हो) | 16 जनवरी 2022<br>(यदि 31 दिसंबर 2021 तक कुल वैध खर्च $4,000 तक हो गया हो)<br><br>या 16 फरवरी 2022 / 16 मार्च 2022 / 16 अप्रैल 2022 (यदि 31 जनवरी 2022 / 28 फरवरी 2022 / 31 मार्च 2022 तक कुल वैध खर्च $4,000 तक हो गया हो) |

*Alipay HK (अलीपे एचके), Tap & Go (टैप एंड गो)* और *WeChat Pay HK (वीचैट पे एचके)*

| **4 जुलाई से 17 जुलाई के बीच पूरे किए गए इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण** | | **18 जुलाई से 14 अगस्त के बीच पूरे किए गए सारे इलेक्ट्रॉनिक तथा कागजी पंजीकरण** | |
|---|---|---|---|
| **वितरण तिथि** | **समाप्ति तिथि** | **वितरण तिथि** | **समाप्ति तिथि** |
| **पहला वाउचर ($2,000)** | | | |
| 1 अगस्त | 31 दिसंबर | 1 सितंबर | 31 जनवरी 2022 |
| **दूसरा वाउचर ($3,000)** | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 अक्टूबर | 31 दिसंबर | 1 नवंबर | 31 जनवरी 2022 |

**पूछताछ**

कृपया योजना हॉटलाइन 18 5000 पर कॉल करें। यदि आपको योजना हॉटलाइन के कर्मचारियों के साथ बातचीत करने के लिए CHEER की व्याख्या सेवा की आवश्यकता है, तो कृपया CHEER हॉटलाइन 3755 6877 पर संपर्क करें।